भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 471
उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2025

इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि

471. श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमाः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गांवों में इंटरनेट कनेक्शन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आंकड़े क्या हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

क. देश में मार्च 2025 तक 40.77 करोड़ ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ता हैं।
ख. मार्च 2020 में कुल इंटरनेट उपभोक्ता 74.32 करोड़ थे जो मार्च 2025 में बढ़कर 96.91 करोड़ हो गए, जिससे विगत पाँच वर्षों में 22.59 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है।

*****